

### एक नजर में



## जिला नियमित टीकाकरण सूक्ष्म नियोजन एवं पल्स पोलियो कार्यशाला

ग्वालियर। डब्ल्यूएचओ के सहयोग से जिला नियमित टीकाकरण सूक्ष्म नियोजन तथा पल्स पोलियो कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ.एम.एस.राजावत ने कहा कि ग्वालियर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी स्थिति में कोई भी क्षेत्र टीकाकरण से नहीं छूटना चाहिए. डीआईओ डॉ.आर.के.गुप्ता ने वर्तमान में उपलब्ध एएनएम के आधार पर टीकाकरण के माइक्रो प्लान पर चर्चा की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अधिकारी जिला ग्वालियर डॉ.सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि ग्वालियर जिले में 12 अक्टूबर को पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा, डीआईओ डॉ. आर.के.गुप्ता ने बताया कि ग्वालियर जिले में 2011के बाद से कोई केस पोलियो का नहीं निकला, ग्वालियर जिले में 12 अक्टूबर को पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा 12 अक्टूबर को जो बच्चे पोलियो की दवा नहीं पी पायेंगे उन्हें 13 एवं 14 अक्टूबर 2025 को घर –घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जायेगी, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ.एम.एस.राजावत ने पल्स पोलियो अभियान के दौरान जिन महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना चाहिए रखना चाहिए, इस अवसर पर जिले एवं ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## व्यापारी जुटान 15 एवं 16 सितंबर को

ग्वालियर। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट द्वारा रिटेल दुकानदारों एवं रेढी, पटरी संगठनों का सामूहिक प्रयास व्यापारी जुटान 15 एवं 16 सितंबर को नागपुर में आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वदेशी को बढ़ाना है। अत: स्वदेशी जागरण मंच एवं कैट के संयुक्त प्रयास से यह आयोजन किया जा रहा है। कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन एवं प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व स्वदेशी अभियान के संयोजक पदम जैन ने बताया कि इसके लिये 14 तारीख को ग्वालियर चंबल संभाग के कार्यकर्ता नागपुर रवाना होंगे। कार्यक्रम के लौटने के उपरांत हम प्रत्येक जिले में व्यापारी जुटान का कार्यक्रम करेंगे जो कि स्वदेशी की विचारधारा को लेकर आयोजित किया जायेगा। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने देश भर के व्यापारियों को एक मंच पर एकत्रित करने के लिये व्यापारी जुटान कार्यक्रम किया है इसमें जितने भी प्रतिष्ठित व्यापरियों का संगठन देश भर में है उन्हें आमंत्रित किया है क्योंकि स्वदेशी वस्तुओं को सारे व्यापरी बेचे और प्रमोट करें। इसी विषय को लेकर सभी व्यापारिक संगठन एक मंच पर निश्चित करेंगे कि हम किस प्रकार अमेजन और फ्लिप कार्ट का विरोध करें और अपने व्यापार को सुरक्षित करें। इसी के लिये छोटे व्यापारियों को एकत्रित कर टैक्निकल शिक्षा प्रदान करना इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है।

## सम्पत्तिकर एवं जलकर में लें शत प्रतिशत तक अधिभार में छूट का लाभ, नेशनल लोक अदालत आज

ग्वालियर 12 सितंबर. सम्पत्तिकर एवं जलकर के लंबित प्रकरणों में वसूली के लिए एवं प्रकरणों के निराकरण के लिए 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। निगमायुक्त श्री संघप्रिय ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय सदस्य सचिव मप्र राज्यध्जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला न्यायालय ग्वालियर के आदेशानुसार लोक आदलत का आयोजन नगर निगम के समस्त क्षेत्रीयध्वार्ड कार्यालय क्रमांक 1 लगायत 25 एवं जिला न्यायालय परिसर में किया जाएगा। उपायुक्त श्री ए पी एस भदोरिया ने बताया कि निगमायुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशन में शहर के नागरिकों के सम्पत्तिकर के लंबित वसूली प्रकरणों के निराकरण के लिए आयोजित लोक अदालत में कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपए तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट रहेगी।

## दिल्ली एवं मुंबई के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की ओपीडी इस रविवार को आर जे एन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल ग्वालियर में





ग्वालियर 12 सितम्बर. इस रविवार 14 सितंबर को आर जे एन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल ग्वालियर में दिल्ली एवं मुंबई के वरिष्ठ सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स अपनी सेवाएं प्रदान करने उपलब्ध रहेंगे. अपोलो हॉस्पिटल मुंबई के वरिष्ठ गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ पुरुषोत्तम वशिष्ट जिनको 25 वर्षो का अनुभव है जिन मरीजों को सिरोसिस तथा लिवर संबंधी बीमारियां,पीलिया, हेपेटाइटिस बी,उल्टी,गैस, खूनी उल्टी और लैट्रिन में खून आने की शिकायत है ऐसे मरीज डॉक्टर पुरुषोत्तम वशिष्ट से परामर्श ले सकते हैं। डॉ पुरुषोत्तम वशिष्ठ दोपहर 03 बजे से शाम 6बजे तक उपलब्ध रहेंगे। इंद्रप्रस्थ अपोलो दिल्ली के वरिष्ठ वैस्कुलर सर्जन डॉ. जैसम चोपड़ा भी इसी दिन वेरिकोस सर्जरी के लिए उपलब्ध रहेंगे. वैरिकोज वेन्स भारत सहित पूरी दुनिया में सबसे आम चिकित्सा समस्याओं में से एक है। वैरिकोज नसें केवल बढ़ी हुई नसें हैं जो पैरों में उभरी हुई, बदसूरत सूजन के रूप में दिखाई देती हैं। उनमें दर्द हो भी सकता है और नहीं भी, लेकिन इतनी बड़ी नसें आसानी से रक्तस्राव का कारण बन सकती हैं, जिससे आपातकालीन स्थिति पैदा हो सकती है। महिलाओं में वैरिकोज थोड़ी अधिक होती है। सामान्य कारण गर्भावस्था, वंशानुगत, अधिक उम्र, स्थायी नौकरी, मोटापा हैं। वैरिकोज़ नसें कुछ मामलों में कुछ गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं। फैलाव के कारण उनमें अधिक रक्त होता है जो उच्च रक्तचाप का कारण बनता है जो सभी समस्याओं का मुख्य कारण है। डॉ जैसम चोपड़ा सुबह 10 बजे से दोपहर 3बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

# कला मेरे जीवन की ऊर्जा है : डॉ . श्रुति लखनपानी टंडन

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 12 सितम्बर** आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के फिल्म, डिजाइन और हेरिटेज क्लब द्वारा 'द वे आई सी-सेलिब्रेटिंग अम्बादास' शीर्षक से साक्षात्कार-डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। जिसका निर्देशन डॉ. श्रुति लखनपानी टंडन ने किया है।

### आईटीएम में 'द वे आई सी' डॉक्यूमेंट्री फिल्म की स्क्रीनिंग और संवाद का हुआ आयोजन

मुख्य अतिथि के रूप मेंश्रुति लखनपानी टंडर (डर्मेटोलॉजिस्ट और उषार्थ आर्ट फाउंडेसन की संस्थापक) शामिल हुईं। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ कलाकार एवं मूर्तिकार अशोक भौमिक, सुप्रसिद्ध लेखक, कला समीक्षक एवं स्तंभकार डॉ. ज्योतिष जोशी, सुमन कुमार सिंह शामिल हुईं। इस कार्यक्रम के संयोजक और आईटीएम पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागध्यक्ष डॉ. मनीष जैसल, समन्वयक काजल चौधरी, स्कूल ऑफ एजुकेशन के विभागध्यक्ष डॉ. संजय जोथे उपस्थित रहे। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू तृप्ति पाठक, असिस्टेंट प्रोफेसर सोनाली सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. निधि भंडारी सहित विभिन्न प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं दर्शक मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन छात्रा तनिष्का श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. श्रुति लखनपानी टंडन ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कला मेरे जीवन की ऊर्जा है। उन्हांने बताया कि कोविड काल के दौरान 'द वे आई सी' श्रृंखला का आरंभ किया था। यह प्रदर्शित फिल्म इस श्रृखंला की 7वीं कड़ी है। इसमें आर्टिस्ट अम्बादास खोबरगड़े के जीवन और रचनात्मक यात्रा को साक्षात्कारों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

डॉ. मनीष जैसल ने कहा कि इस कार्यक्रम ने आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के शैक्षिक और सांस्कृतिक वातावरण को नई ऊर्जा प्रदान की। इस डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से छात्रों को कला, संस्कृति और अभिव्यक्ति की गहराई में उतरने का अवसर मिला। वहीं कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी सत्र का भी आयोजन किया गया। जहां छात्र-छात्राओं की जिज्ञाषाओं को मुख्य अतिथि द्वार अपने सादगीपूर्ण अंदाज में जवाब देकर शांत किया।

# पेंशनर्स एसोसिएशन ने विभिन्न मांगों को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 12 सितम्बर** पेंशनर संगठनों के संयुक्त मंच फॉरम ऑफ सिविल पेंशनर्स एसोसिएशन ग्वालियर के तत्वाधान में ग्वालियर के विभिन्न पेंशनर्स संगठनों द्वारा केंद्र सरकार द्वारा पेंशनर के अधिकार छीनने वाला तथा पेंशन को सरकार की दया पर निर्भर करने वाला कानून पेंशन संशोधन अधिनियम 2025 को रद्द करने की मांग को लेकर ग्वालियर के सांसद भारत सिंह कुशवाहा को पेंशनर संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा ज्ञापन दिया गया

आर एस तरेटिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रांताध्यक्ष मध्य प्रदेश भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने बताया कि भारत सिंह कुशवाह सांसद ने आश्वस्त किया कि में अपनी अनुशंसा सहित पत्र भारत सरकार को भेजूंगा।

प्रतिनिधि मंडल में फॉरम ऑफ सिविल पेंशनर्स एसोसिएशन ग्वालियर के संयोजक तथा डाक एवं आर एम एस पेंशनर एसोसिएशन के प्रांतीय सचिव बी पी गणक, भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष आर एस तरेटिया, पेंशनर एसोसिएशन एक मंच एक आवाज मध्य प्रदेश की प्रांताध्यक्ष गीता भारद्वाज, बीएसएनएल पेंशनरों के संगठनों के जिला सचिव एस पी त्रिपाठी एवं जिला सचिव अलाउद्दीन, पेंशनर एसोसिएशन एक मंच एक आवाज के प्रांतीय महासचिव आर पी कोरी एवं प्रांतीय सचिव दुर्गा सिंह मौर्य, प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन के नंदकिशोर गोस्वामी, एल आई सी पेंशनर संगठन के संरक्षक एम के जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# चैम्बर कवर टूटने से सड़क हुई क्षतिग्रस्त

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 सितम्बर** नदीगेट चौराहे पर सिंध विहार कॉलोनी की तरफ से आने वाले वर्षों पुराने नाले का मिलान लगभग 20 वर्ष पूर्व स्वर्ण रेखा नदी में करने हेतु स्क्रीन चैम्बरों का निर्माण किया गया था। आज स्क्रीन चैम्बर का पटाव क्षतिग्रस्त होकर टूट गया, सड़क का कोई भाग क्षतिग्रस्त नहीं हुआ है। स्क्रीन चैम्बर के पटाव की मरम्मत कराई जा रही है। वर्तमान में उक्त सड़क पर कोई निर्माण कार्य नहीं कराया गया और न ही सड़क में किसी प्रकार की सुरंग बनी है।

अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा एवं कार्यपालन यंत्री श्री सुरेश अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि नदीगेट चौराहे पर सड़क पर गड्ढा होने की सूचना मिलते ही निगम अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा जांच में पाया गया कि सिंध विहार कॉलोनी की तरफ से स्वर्ण रेखा की ओर आने वाले वर्षों पुराने नाले का स्क्रीन चैम्बर कवर टूटने के कारण सड़क का मटेरियल नाले में गिर गया है। इस रोड पर वर्तमान में कोई कार्य नहीं कराया गया है। स्क्रीन चैम्बर के पटाव की मरम्मत कराई जा रही है।

# एमिटी विवि ने चलाया वित्तीय जागरूकता अभियान

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 12 सितम्बर** एमिटी विश्वविद्यालय ग्वालियर द्वारा समाज में वित्तीय जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एमिटी के छात्रों ने पी.एम. श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डी.आर.पी. लाइन, ग्वालियर का दौरा किया और वहाँ के विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता विषय पर जागरूक किया।

अभियान के दौरान विद्यालय के छात्रों को धन प्रबंधन, बचत, निवेश, बजट निर्माण तथा वित्तीय संस्थानों की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को संवादात्मक बनाने के लिए विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे गए और सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को रोमांचक पुरस्कार भी दिए गए।इस अभियान का उद्देश्य छात्रों में वित्तीय जागरूकता पैदा करना और उन्हें भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। विद्यालय के छात्रों ने भी पूरे उत्साह के साथ इस अभियान में भाग लिया तथा अनेक ज्ञानवर्धक प्रश्न पूछे। गौरतलब है कि इस तरह के अभियान के माध्यम से एमिटी के विद्यार्थियों ने सामाजिक सेवा, नेतृत्व क्षमता और समाज के प्रति जिम्मेदारी जैसे महत्वपूर्ण मूल्यों को सीखने का अवसर प्राप्त किया। इस गतिविधि का आयोजन डॉ. नविता नत्थानी, प्रमुख प्रबंधन संस्थान, डॉ. मीनाक्षी त्रिपाठी और डॉ. किशन सिंह राठौर के मार्गदर्शन में किया गया।



# व्हीआईएसएम कॉलेज में ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 सितम्बर.** व्हीआईएसएम ग्रुप ऑफ स्टडीज में नव प्रवेशी विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन डॉ सुनील सिंह राठौड़, चेयरपर्सन श्रीमती सरोज राठौर और ग्रुप डायरेक्टर प्रज्ञा सिंह ने किया।

कार्यक्रम में फार्मेसी, पैरामेडीकल एवं लॉ के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ सुनील राठौर ने अपने स्वागत संबोधन में विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि व्हीआईएसएम सिर्फ एक शैक्षणिक संस्थान नहीं बल्कि एक परिवार है, जहाँ हर छात्र अपने सपनों को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाता है। उन्होंने सभी को अनुशासन, सकारात्मक सोच और मेहनत को जीवन का मंत्र बनाने की प्रेरणा दी। इस दौरान नव प्रवेशी विद्यार्थियों को संस्थान से संबंधित सभी दिशा निर्देश से अवगत कराया।

संस्थान के चेयरमैन डॉ सुनील कुमार सिंह राठौर ने स्पष्ट किया कि महाविद्यालय रैगिंग फ्री कैंपस है किसी भी प्रकार की रैगिंग महाविद्यालय में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ओरिएंटेशन के दौरान डॉ. जोत शर्मा, विभागाध्यक्ष पैरामेडिकल, अंकुर अग्रवाल, विभागाध्यक्ष फार्मेसी और डॉ सर्वेश सोनी प्रिंसिपल लॉ डिपार्टमेंट ने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं और विश्वविद्यालय की विविध गतिविधियों से परिचित कराया। शिक्षकगणों ने इस बात पर जोर दिया कि यहाँ शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यक्तित्व विकास, रचनात्मकता और सामाजिक जिम्मेदारी भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के विशेष सत्र में करियर गाइडेंस और स्किल डेवेलपमेंट से जुड़े विशेषज्ञों ने छात्रों को भविष्य की चुनौतियों और अवसरों से परिचित कराया। उनकी बातों ने नए छात्रों में आत्मविश्वास और उत्साह का संचार किया। इस मौके पर संस्थान की चेयरपर्सन श्रीमती सरोज राठौर, ग्रुप निदेशक डॉ. प्रज्ञा सिंह, समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यगण सहित समस्त स्टॉफ व छात्र-छात्राऐं मौजूद रहें।


### CHANGE OF NAME

I, **KRITIKA KUMARI is legally daughter of BISHWANATH PRASAD**, Resident at SMQ-198/3, Air Force Station, Maharajpura, Gwalior (M.P.) Pin-474020 have changed my name from **KIRTIKA** to **KRITIKA KUMARI**

**Vide Affidavit No BX 818759 Dated 12/09/2025. Before High Court, Gwalior M.P**

### NAME CHANGE

I **MANENDRA KUSHWAH S/O RAM SINGH KUSHWAH.** HAVE CHANGED MY NAME AS **MAHENDRA SINGH KUSHWAH.** NOW I WILL KNOWN BY MY NEW NAME AS **MAHENDRA SINGH KUSHWAH.**

ADD.- PETROL PAMP KE SAMANE 2ND BATALIAN SAF KAMPOO LASHKAR GWALIOR (M.P.)-474001

### जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

मैं मालती देवी पत्नी राम प्रसाद चतुर्वेदी **Ex-Sub- CLK (ARMY NO. JC 123019A)** मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी जन्मतिथि **08 जून 1947** त्रुटिवश गलत अंकित है। जबकि मेरी सही जन्मतिथि **01 जनवरी 1949** है। जो कि सत्य व सही है, यही सही जन्मतिथि मुझे अपने पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में सुधार कर सही दर्ज कराना है। इस हेतु शपथ पत्र DC159520 दिनांक 11-09-2025 प्रस्तुत है।

**सूचनाकर्ता**
**मालती देवी**

### M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.

**Office of The Dy. General Manager (HTM) O&M Division, Gwalior**
**Phone No. : 0751-2448295, 2448212, E-mail : dgmhtmgwl@gmail.com**

**TENDER NOTICE**

MPMKVVCL, hereby invites separate e-tender for hiring the below mentioned type of vehicle in following locations.

| TS. No. | Name of Unit/Office | Type of Vehicle | Tender Fee (Rs.) | EMD (Rs.) | Opening Date and Time |
|---|---|---|---|---|---|
| DGM/HTM/ GWL/1933 Dated 12.09.2025 | Office of The DGM HTM Division MPMKVVCL Gwalior (M.P.) Under Sub-Division Central | Hiring of Vehicle Mini Pick up - Double cabin with ladder/Any Low-End SUV half open from backside for carriage of man, materials, ladder, etc. or equivalent. (for double shift) | 500/- + GST @ 18% Extra | 3,000/- | 24.09.2025 at 15:00 Hrs. |
| DGM/HTM/ GWL/1935 Dated 12.09.2025 | Office of The DGM HTM Division MPMKVVCL Gwalior (M.P.) Under Sub-Division North | Hiring of Vehicle Mini Pick up - Double cabin with ladder/Any Low-End SUV half open from backside for carriage of man, materials, ladder, etc. or equivalent. (for double shift) | 500/- + GST @ 18% Extra | 3,000/- | 24.09.2025 at 15:00 Hrs. |
| DGM/HTM/ GWL/1937 Dated 12.09.2025 | Office of The DGM HTM Division MPMKVVCL Gwalior (M.P.) Under Sub-Division South | Hiring of Vehicle Mini Pick up - Double cabin with ladder/Any Low-End SUV half open from backside for carriage of man, materials, ladder, etc. or equivalent. (for double shift) | 500/- + GST @ 18% Extra | 3,000/- | 24.09.2025 at 15:00 Hrs. |

Other Details Terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** very shortly.
M.P. Madhyam/122060/2025 **DGM (HTM) O&M DIVISION GWALIOR**

### CHANGE OF NAME

I, **Army Service No. 15809729L Rank- GNR Name- PANKAJ KUMAR** Residing at Village- Khajur Goan, Post- Khajur Goan, Tehsil- Lalganj, District- Raebareli, State- Uttar Pradesh, Pin- 229216 have changed my Mother's Name from **SARASWATI DEVI** to **SOORSATI** due to mismatch in my Army Service Records.

**Vide Affidavit No. BX 771054 Dated 12/09/2025 before High Court, Gwalior (M.P.).**

### NAME CHANGE

I **JAKIR ALI S/O ANWAR ALI.** HAVE CHANGED MY NAME AS **ZAKIR ALI.** NOW I WILL KNOWN BY MY NEW NAME AS **ZAKIR ALI.**

**ADD.- NEAR PETROLPAMP THATIPUR MASJID COUMPOND, THATIPUR GWALIOR (M.P.)- 474011**

### CHANGE OF NAME

I, **MUNI DEVI D/o SHRI AVAD KISHOR YADAV is legally wedded spouse of BISHWANATH PRASAD** Resident at SMQ NO-198/3, Air Force Station Maharajpura Gwalior M.P. Pin- 474020 have changed my name from **MUNI DEVI** to **MUNNI DEVI**

Vide Affidavit No BX 818758 Dated 12/09/2025. Before High Court Gwalior M.P.

### CHANGE OF NAME

I, **Army Service No. JC-857926Y Rank- SUB (DMT) Name- RAM BALI THAKUR** Residing at Village- Golapakadiya, Post- Majirwa, Tehsil- Motihari, District- Motihari, State- Bihar, Pin-845315 have changed my Mother's Name from **KANTI DEVI** to **KUNTI DEVI** due to mismatch in my Army Service Records.

**Vide Affidavit No. BX 820294 Dated 12/09/2025 before High Court, Gwalior (M.P.).**

### M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.

**Office of The Dy. General Manager (North) City Division, Roshanighar Campus Gwalior (M.P.)**
**E-mail : dgmnorthcitygwl@gmail.com**

**NIT No. : DGM/NORTH/GWL/2025-26/2983** **Gwalior, Date : 12.09.2025**

**NOTICE INVITING E-TENDER (OPEN TENDER)**

MPMKVVCL hereby invites E-Tender for hiring the below mentioned type of vehicles in the following locations.

| Name of unit/Office | Particulars | Tender Fee (Rs.) | EMD (Rs.) | Date of Opening of Bids Online |
|---|---|---|---|---|
| Office of The Transport Nagar Zone Under Dgm (City Div.North), MPMKVVCL Gwalior (M.P.) | Hiring of Vehicle Type-F5, Mini Pick up- Double Cabin With Ladder/Any Low-End SUV Half Open From Backside For Carriage of Man, Materials, Ladder, Etc. Or Equivalent. For (F.O.C.) Three Shift Year-2025 | 500/- + GST @18% Extra | 3,000/- | 19.09.2025 at 15:00 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/122055/2025 **DGM (NORTH) CITY DIVISION GWALIOR**

### M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN COMPANY LIMITED

**(A Wholly Owned Government of M.P. Undertaking)**
**Office of The General Manager (O&M) Circle Morena, E-mail : gmmpebmorena@gmail.com**

**No. GM/O&M/PUR/2025-26/5237** **Morena, Dated : 11.09.2025**

**NOTICE INVITING E-TENDERS**

E-tenders are invited from eligible bidders for following works. (In Contractors having registration in PWD or any other department of govt. of mp or central govt.)

| Name of the Works & Services Contract | Approx. Value (In Lakh) | Tender Document Fees (In Rs.) | EMD (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| Rate Contract for Minor Civil R&M Work for all Offices Zone/DC/Sub division/Division and all 33/11 kv sub-station Control Room situated under O&M Circle, MPMKVVCL, Morena Circle. | 5.00 | 590+ 18% GST | 15000.00 |

**Date of Sale of Bid Documents : 12.09.2025, 18.30 Hrs. Up to 18.09.2025, 14.00 Hrs.**
**Bid Submission Last Date : 18.09.2025 up to 14.00 Hrs..**
**Bid opening Date : 19.09.2025 at 14.30 Hrs.**
Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/122049/2025 **GENERAL MANAGER (O&M)**

### M.P. ROAD DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

**(Govt. of M.P. Undertaking)**
**45-A, Arera Hills, Bhopal–462011, Madhya Pradesh (CIN : U45203MP2004SGC016758)**
**Ph. : 0755-2527290/2765205 Fax : (EPBX), Fax : 0755-2572643**
**Website : www.mprdc.gov.in**
MPRDC
**NIT No.679/MPRDC/Procu/2025**

**निविदा आमंत्रण**

म.प्र. सड़क विकास निगम लिमिटेड, भोपाल, मुख्य जिला मार्गों एवं राज्य राजमार्गों को टू/फोर लेन विथ पेव्ह शोल्डर करने हेतु फीजिबिलिटी प्रतिवेदन/डी.पी.आर. तैयार करने के लिये परामर्श सेवाओं हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करता है।

| पैकेज क्र. | क्र. | मार्ग का नाम | मार्ग की लंबाई (किमी. में) | पैकेज की लंबाई (किमी. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में) | धरोहर राशि (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पैकेज-एच (द्वितीय आमंत्रण) | 1. | उचेरा-नागौद रोड | 36.00 | 382.46 | 20,000/- | 2,00,000/- |
| | 2. | अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र तक पहुंच मार्ग | 4.00 | | | |
| | 3. | दतिया-दिनारा रोड | 26.50 | | | |
| | 4. | अशोकनगर-ईशागढ़ रोड | 35.00 | | | |
| | 5. | गुना-अशोकनगर रोड | 44.83 | | | |
| | 6. | अशोकनगर-विदिशा (बंगला चौराहा) मार्ग | 35.57 | | | |
| | 7. | शाहगंज-बरखेड़ा मार्ग | 18.70 | | | |
| | 8. | भिंड-मिहोना-गोपालपुरा रोड | 50.86 | | | |
| | 9. | भिंड-भरौली-अमायन-लहार-आटियन रोड | 60.00 | | | |
| | 10. | गोहद-मऊ रोड | 32.00 | | | |
| | 11. | अशोकनगर-थूबोन-कुरवासा-तिगाड़ी रोड | 39.00 | | | |

निविदा क्रय करने, निविदा जमा करने आदि का विवरण की-डेट्स में दिया गया है। निविदा प्रपत्र केवल वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** से 15:30 बजे **दिनांक 14.10.2025 तक** क्रय किया जा सकता है। निविदाकारों को तकनीकी निविदा एवं वित्तीय दर केवल ऑनलाइन ही भरनी है। परिशिष्ट एवं शुद्धिपत्र (कोई भी) वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किया जावेगा। निविदा खोलने के दिनांक को मध्यप्रदेश शासन द्वारा अवकाश घोषित करने पर उक्त कार्य अगले कार्यदिवस में संपादित किया जावेगा।

म.प्र. सड़क विकास निगम लिमिटेड को किसी भी निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार होगा।

म.प्र. माध्यम/122059/2025 **प्रबंध संचालक**